# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 1542 /48(2026)/परीक्षा /2026–27 दिनांकः 28/जुलाई/2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–01/2022 प्रशिक्षित स्नातक के अंतर्गत 15 विषयों के 3539 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा दिनांक 03 व 04 जून 2026 को सम्पन्न कराया गया था, जिसके उपरान्त दिनांक 30.06.2026 को उपरोक्त पदों के सापेक्ष 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पदों की अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु सफल घोषित किया गया था। आवेदित पदों के सापेक्ष निम्नवत 14 विषयों के 2982 पदों का परिणाम उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली–1998 के नियम 12(8) के अन्तर्गत तैयार कर आयोग द्वारा घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपना अंतिम चयन परिणाम आयोग की अधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in/ पर देख सकते है :–

1. हिन्दी
2. गणित
3. विज्ञान
4. सामाजिक विज्ञान
5. उर्दू
6. शारीरिक शिक्षा
7. कृषि
8. संगीत गायन
9. संगीत वादन
10. जीव विज्ञान
11. गृह विज्ञान
12. संस्कृत
13. वाणिज्य
14. कला

2. उपरोक्त विषयों की विषयवार/श्रेणीवार Cut-off व अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में प्राप्तांक आयोग की अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये है। अभ्यर्थीगण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर इसे 01 सप्ताह तक देख सकते हैं। इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

3. अंतिम चयन परिणाम के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का संस्था-आबंटन रिक्तियों की संख्या के अनुरूप अधिमानता क्रम में उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली–1998 के नियम–12(10) के अनुसार किया जायेगा।

4. प्रशिक्षित स्नातक अंग्रेजी के विज्ञापित 557 पदों का अन्तिम चयन परिणाम इस विषय की अन्तिम उत्तर कुंजी (Final Answer Key) के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय में योजित याचिका सख्या–9799/2026 के विचाराधीन होने के कारण घोषित नहीं किया जा रहा है।

उपसचिव